उत्तराखंड को पर्यटन क्षेत्र में 3 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले

चर्चा में क्यों?

12 नवंबर, 2021 को इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड्स-2021 में उत्तराखंड ने तीन श्रेणियों में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार जीते। इनमें राज्य को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन, बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन और बेस्ट स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन का अवार्ड मिला।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महराज को ये पुरस्कार प्रदान किये।
- भारत के बेहतरीन पर्यटन स्थलों को नई दिल्ली में इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड्स-2021 के हिस्से के रूप में नौ अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार दिये गए।
- उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व को सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव गंतव्य, ऋषिकेश को सर्वश्रेष्ठ साहसिक गंतव्य और केदारनाथ को सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक गंतव्य घोषित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-award-for-tourism-sector-to-uttarakhand